विधानसभा आवश्यक

राजस्थान सरकार

कार्यालय आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/685 दिनांकः 04.2.2020

1. समस्त प्राचार्य,
   राजकीय महाविद्यालय,
   राजस्थान।
2. समस्त सहायक निदेशक,
   क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा,
   राजस्थान।

विषयः विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तुरन्त भेंजने बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित होगा कि 15वीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र दिनांक 24 जनवरी 2020 से प्रारम्भ हो गया है। सत्र में सचिवालय स्तर से विधानसभा के महत्वपूर्ण प्रश्न कटौती प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आयुक्तालय को प्राप्त होते है, जिनका उत्तर राज्य सरकार को समय पर भिजवाया जाना आवश्यक है।

यह देखने में आया है कि जब महाविद्यालयों से विधानसभा से संबंधित सूचना मांगी जाती है तो महाविद्यालयों से सूचना समय पर प्राप्त नहीं होती है। इसके अभाव में विधानसभा प्रश्न का उत्तर तैयार करने में बड़ी कठिनाई उत्पन्न होती है।

इस संबंध में कृपया आप सुनिश्चित करें कि विधानसभा से संबंधित चाही गई सूचना 24 घण्टे में आयुक्तालय की संबंधित शाखाा की ई–मेल आई.डी. पर भिजवा दी जावे।

ई–मेल. आई.डी. निम्नानुसार हैः–

1	संयुक्त निदेशक, एच.आर.डी	hrd.cce@gmail.com
2	संयुक्त निदेशक, आयोजना	jdplan.cce@gmail.com
3	संयुक्त निदेशक, अकादमिक	jdacad1960@gmail.com
4	संयुक्त निदेशक, प्रशासन	jdadmn.cce@gmail.com
5	संयुक्त निदेशक, निजी संस्थायें	jdpi.cce@gmail.com
6	संयुक्त निदेशक, आर.वी.आर.ई.एस.	rvres.cce@gmail.com
7	संयुक्त निदेशक, रूसा	spdrusaraj@gmail.com
8	उपविधि परामर्शी	legal.cce@gmail.com
9	वित्तीय सलाहकार	cao.cce@rajasthan.gov.in
10	छात्रवृति	sch.cce@rajasthan.gov.in

उसकी प्रति डाक द्वारा भी प्रेषित की जाये। इस हेतु वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी (नोड़ल अधिकारी) का मनोनयन कर उसका घर का पता, दूरभाष/मोबाईल नम्बर आदि स्प्रेडशीट "VIDHANSABHA-2020" पर दिनांक 05.02.2020 को दोपहर 12.00 बजे तक अपडेट करें। साथ ही महाविद्यालय के दूरभाष नम्बर एवं प्राचार्य की डिटेल भी अद्यतन करें।

विधानसभा के सत्र काल के दौरान जिम्मेदार नोड़ल अधिकारी/प्राचार्य मुख्यावास नहीं छोड़ेगें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/685 दिनांकः 04.2.2020

प्रतिलिपिः वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कृपया आयुक्तालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

(डॉ. ताराचंद बैरवा)
प्रभारी विधानसभा,